Regarding inclusion of Suwarna-Vanik caste in the list of Other Backward Classes-laid

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं कि सुवर्ण वनिक जाति की अधिसंख्यक आबादी जमशेदपुर, रांची, पश्चिम सिंहभूम, दुमका, धनबाद, हजारीबाग, गोड्डा सहित सभी लोकसभा क्षेत्रों में है । उक्त जाति के लोग समाजिक एवं शैक्षणिक रूप से अत्यंत पिछड़े हुए हैं तथा काफी दिनों से मांग कर रहें हैं कि इन्हें केन्द्रीय ओ०बी०सी० की सूची में सम्मिलित किया जाय । यह ज्ञातव्य है कि झारखंड सरकार ने दिनांक 28/8/2020 को सुवर्ण वनिक जाति सहित झारखंड के 36 जातियों को केंद्रीय ओ०बी०सी० की सूची में शामिल करने हेतु सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को पत्र लिखकर प्रस्ताव को भेजा है । मेरा समाजिक अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार से अनुरोध है कि झारखण्ड सरकार के द्वारा भेजे गए उक्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए सुवर्ण वनिक जाति जाति को केन्द्रीय ओ०बी०सी० की सूची में सम्मिलित करने की कृपा की जाए ।